Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to provide stoppage of Kota-Dehradun Nanda Devi Express (train No. 12401 and 12402) at Bayana junction, Bharatpur, Rajasthan.

श्रीमती रंजीता कोली (भरतपुर) : सभापति महोदय, आपका धन्यवाद। मैं सदन के माध्यम से यह निवेदन करना चाहती हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र भरतपुर में रेल की सुविधा पर्याप्त रूप से नहीं मिल पा रही है। भरतपुर के रेल यात्रियों को यात्रा करने के लिए अन्य स्टेशनों पर जाना पड़ता है। रेल सेवा नंबर 12401 एवं 12402 कोटा-देहरादून नंदा देवी एक्सप्रेस का ठहराव बयाना जंक्शन पर जनहित में किया जाए। बयाना में लाल पत्थर की मंडी है एवं देश के कई स्थानों पर भवन निर्माण में लाल पत्थरों का प्रयोग हो रहा है, जिससे लाल पत्थरों के कारोबार में लगे हुए लोगों को सुविधाएं मिलेंगी। भारत के कई पर्यटन स्थल बयाना क्षेत्र के आसपास हैं, जिससे पर्यटकों को बयाना आने-जाने में सुविधा मिल सके।